## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से देश भर मे जन–औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है।

2. छात्र परिवहन और सार्वजनिक संपर्क के तहत सांसद बिष्णु पद रे ने कल डिगलीपुर में 2 राज्य परिवहन की स्कूल बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

3. द्वीपसमूह के तीनों जिलों के प्रशिक्षित नोडल शिक्षकों के लिए 'स्वास्थ्य और कल्याण राजदूत' विषय पर आयोजित 3–दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का समापन हो गया।

4. प्रथम बीच स्प्रिंट नेशनल रोइंग चैंपियनशिप की CW 1X स्पर्धा में अमृता मिंज ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

<><><><><><><>

किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से शुरू किया गया जन–औषधि सप्ताह कल से देशभर में स्वास्थ्य जांच शिविरों के साथ शुरू हुआ। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाला यह उत्सव 8वें जनऔषधि दिवस तक चलेगा। मंत्रालय ने बताया है कि इस कार्यक्रम के तहत, औषधि विभाग द्वारा इस महीने की 5 तारीख तक देशभर में 250 से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत, देश भर में 18 हजार से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं। सरकार ने 2027 तक इस नेटवर्क को 25 हजार केंद्रों तक विस्तारित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिससे किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच को मजबूत किया जा सके।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में छात्र परिवहन और सार्वजनिक संपर्क के तहत सांसद बिष्णु पद रे ने कल डिगलीपुर में 2 राज्य परिवहन की स्कूल बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसटीएस के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। ये सेवाएं दूरदराज़ के गांवों को विद्यालयों से जोड़ेंगी। बसों का रखरखाव और देखरेख डिगलीपुर राज्य परिवहन सेवा इकाई द्वारा की जाएगी। इस दौरान राज्य परिवहन कार्यालय में आयोजित बैठक के में सांसद ने डिगलीपुर के लिए एमपी लैड योजना के अंतर्गत एक और बस की स्वीकृति देने की घोषणा की, जिससे परिवहन सेवाओं को और

सुदृढ़ किया जा सके। ग्राम पंचायत सुभाषग्राम के प्रधान पी.आर. सिंगाराम ने भी सांसद से क्षेत्र में बस टर्मिनस की लंबित समस्या पर ध्यान देने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केंद्र की ओर से आयोजित 'हरित भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। इस कार्यक्रम में आठ विशेषज्ञ व्याख्यानों के साथ–साथ कौशल विकास और क्षमता निर्माण पर केंद्रित सत्र भी शामिल थे। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षकों और छात्रों सहित 'ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम' के प्रशिक्षुओं ने भी भाग लिया। समापन अवसर पर पर्यावरण एवं वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), डॉ. दिनेश कन्नन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल वैज्ञानिक और पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान प्रदान करते हैं, बल्कि प्रतिभागियों को सोचने और इन विषयों में गहरी रुचि विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने यूटी आत्मा के सहयोग से गांधी नगर में 'पशुपालन में एकीकृत कृषि प्रणाली' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टिकाऊ और लाभदायक एकीकृत कृषि मॉडल को बढ़ावा देना था। इसमें फसल खेती के साथ पशुधन के वैज्ञानिक एकीकरण, संसाधनों के पुनर्चक्रण और द्वि–उद्देश्यीय खेती पद्धतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण में ग्रामीण किसानों की आय और उत्पादकता बढ़ाने के लिए पशुपालन को कृषि के साथ जोड़ने पर जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के तीनों जिलों के सरकारी एवं सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रशिक्षित नोडल शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य और कल्याण राजदूत विषय पर आयोजित 3–दिवसीय रिफ्रेशर 'प्रशिक्षण–सह–प्रदर्शनी' का समापन हो गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए आयुष्मान भारत–स्कूल स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम के तहत, शिक्षा निदेशालय की विज्ञान शाखा ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हाल ही में शिक्षा सदन के सम्मेलन कक्ष में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन अवसर पर शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे मुख्य अतिथि, जबकि परिवार कल्याण उप–निदेशक डॉ. शाइनी वर्गीस सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इसमें सभी शैक्षणिक क्षेत्रों के कुल 55 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने राजकीय माध्यमिक

विद्यालय, कालीकट का दौरा किया, जहाँ उन्होंने अपनी नवीन और उल्लेखनीय शिक्षण–अधिगम सामग्री का प्रदर्शन किया। समापन सत्र में उप शिक्षा निदेशक राम प्रवेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

गोवा में हाल ही में आयोजित प्रथम बीच स्प्रिंट नेशनल रोइंग चैंपियनशिप की CW 1X स्पर्धा में अमृता मिंज ने स्वर्ण पदक जीतकर द्वीपसमूह का नाम रोशन किया। यह चैंपियनशिप 'रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया' की ओर से 'रोइंग एंड स्कलिंग एसोसिएशन डी गोवा' द्वारा किया गया था, जिसमें देश भर के शीर्ष रोइंग एथलीटों ने भाग लिया। इस अवसर पर अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. भास्कर ने अमृता मिंज को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत द्वीप समूह की खेल क्षमता को उजागर करती है और स्थानीय स्तर पर व्यवस्थित प्रशिक्षण सुविधाओं को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। उन्होंने 'रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया' से अगली बीच स्प्रिंट नेशनल रोइंग चैंपियनशिप द्वीप समूह में आयोजित करने पर विचार करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

बुनियादाबाद स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में 3 मार्च को अट्टुकल पोंगल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान सुबह नौ बजकर पैंतालीस मिनट से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक संपन्न होगा।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे के शास्त्री नगर में कृषि विभाग की ओर से हाल ही में रबी अभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कृषि सहायक सीताराम खेड़ेला ने किसानों के लिए विभिन्न सब्सिडी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने रबी अभियान के अंतर्गत किसानों को तालाब, कुआं, मसालों की खेती और सब्जियों की विभिन्न प्रजातियों व किस्मों पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में जानकारी दी। इस बैठक का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती और सरकारी सहायता के माध्यम से रबी सीजन के दौरान पैदावार और आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना था। बैठक में क्षेत्र के लगभग 20 किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>